RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 93 • 15:04:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## सप्तम दिवस



### स्वरूप कालरात्रि

मां के सप्तम रूप का नाम है मां कालरात्रि। यह मां का अति भयावह व उग्र रूप है। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा नहीं। किन्तु तब भी यह रूप मातृत्व को समर्पित है। देवी मां का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है।

## यूपी में पहली रैली में मायावती का बीजेपी पर निशाना

- सहारनपुर में कहा- इनकी कोई नाटकबाजी, जुमलेबाजी और गारंटी काम नहीं आने वाली

**सहारनपुर (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अंबेडकर जयंती के दिन से यूपी में चुनाव प्रचार शुरू किया। पहली रैली उन्होंने सहारनपुर के नागल में की।



मायावती ने कहा- हमारी पार्टी किसी भी विरोधी पार्टी के साथ चुनाव नहीं लड़ रही। भाजपा और कांग्रेस की कथनी-करनी एक जैसी है। अब ऐसा लगता है कि इस बार यह पार्टी भी केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। ये भी सत्ता से बाहर होंगे। भाजपा पर हमलावर मायावती ने कहा- इनके चुनावी घोषणा पत्र और प्रलोभन में नहीं आना है। हमारी पार्टी किसी भी मामले में कहने में कम और काम करने में ज्यादा विश्वास जताती है।

## आंध्र सीएम जगन मोहन रेड्डी पर विजयवाड़ा में हमला

- माथे पर चोट लगी, रोड शो के दौरान शख्स ने फूलों के साथ पत्थर फेंके

**विजयवाड़ा (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार रात को पत्थर से हमला हुआ। इसमें जगन मोहन घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जगन मोहन ने



विजयवाड़ा में मेमंता सिद्धम (हम सब तैयार हैं) बस यात्रा निकाली थी। वे बस के ऊपर से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान उन पर फूलों के साथ पत्थर फेंका गया। पार्टी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने सीएम पर पत्थर फेंका, जिससे उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लग गई। सीएम को प्राथमिक उपचार के लिए बस में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएम रेड्डी ने अपनी बस यात्रा फिर से शुरू की। पार्टी ने सीएम पर हमले को लेकर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने गुंडों से हमारे सीएम पर हमला करवाया।

# सरबजीत सिंह के हत्यारे की पाकिस्तान में हत्या

### 'अज्ञात हमलावरों' ने किया हमला, लगा दिया ठिकाने

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लाहौर में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की रविवार को हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने सरफराज को गोलियों से उड़ा दिया। सरफराज ने ही साल 2013 में पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारों पर हत्या कर दी थी। सरफराज और अन्य के खिलाफ पाकिस्तान में सरबजीत सिंह पर हमला करने का केस चला था, लेकिन 2018 में सबूतों की कमी के आधार पर उसे बरी कर दिया गया था। पंजाब के तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले किसान सरबजीत सिंह गलती से 30 अगस्त 1990 को पाकिस्तानी चले गए थे। वहां पाकिस्तानी सेना ने उन्हें गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया था। सरबजीत पर पाकिस्तान ने झूठे मुकदमे लादते हुए आरोप लगाया कि लाहौर और फैसलाबाद में हुए बम धमाकों में सरबजीत सिंह



का हाथ था। बम धमाके में कुल 14 लोगों की मौत हुई थी और सरबजीत को मौत की सजा सुना दी गई। सरबजीत की बहन दलबीर, पत्नी सुखप्रीत के अलावा भारत सरकार ने भी सरबजीत को वापस भारत लाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन ये प्रयास सफल नहीं हो सके। इसी दौरान सरबजीत पर पाकिस्तान के लाहौर स्थित जेल में हमला कर दिया गया, जिसमें उनकी जान चली गई। जेल में सजा काटने के दौरान सरबजीत के सिर पर ईंटों से वार किया गया था। इसके बाद उन्हें लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में भारत के कई दुश्मन आतंकियों की एक-एक कर हत्या होती रही है। अज्ञात हमलावरों ने अब तक कई आतंकियों को ढेर कर दिया है। बीते दिनों ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर 20 लोगों की हत्या की है। नई दिल्ली ने उन लोगों को निशाना बनाने की नीति लागू की हुई है, जिसे वे भारत का दुश्मन मानते हैं।

## मोदीजी ने लॉटरी बेचने वालों और वैक्सीन बनाने वालों तक से पैसे लिए

- प्रियंका गांधी ने राजस्थान में कहा-प्रधानमंत्री अब बहकी-बहकी बातें करते हैं

**भीनमाल (एजेंसी)।** राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सियासी हमला किया। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। वे असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं। जालोर-सिरोही से कांग्रेस ने अशोक गहलोत के बेटे



वैभव गहलोत को उम्मीदवार बनाया है। वैभव के समर्थन में हो रही सभा में सचिन पायलट सहित कांग्रेस के बड़े नेता पहुंचे हैं। केवल आपको कुछ देने का प्रचार किया जा रहा है, लेकिन आपको कुछ मिल नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला, लेकिन भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी में ढकेला है। भाजपा की सरकार फिर से आई तो कुछ बदलेगा नहीं। ये देश किसी जी-20 से या बड़े-बड़े इवेंट्स से आगे नहीं बढ़ सकता। अब साफ-साफ दिख रहा है कि मोदीजी गरीब के संघर्ष को पहचानने का तैयार नहीं हैं। भ्रष्टाचार के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। सभी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं फिर उनकी पार्टी में जाते ही वो लोग साफ हो जाते हैं। आज देश में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने चंदे की सूची मांग तो सच्चाई सामने आई है। मोदी जी ने भ्रष्ट लोगों से तो चंदा ही लिया, गुजरात में जो पुल गिरा था उस कंपनी से, वैक्सीन बनाने वालों से, लॉटरी वालों तक से चंदा लिया। इससे बड़ी भ्रष्टाचार और क्या होगा। पेपरलीक पूरे देश में हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए हम एक कानून लाएंगे। इसमें एक जॉब कैलेंडर होगा। परिवार की सबसे बड़ी महिला को हमारी सरकार बनने के बाद सालाना एक लाख रुपए मिलेंगे।

# पीएम मोदी ने देश के सामने रखा बीजेपी का संकल्प पत्र

### 'कॉमन सिविल कोड' से लेकर वन नेशन वन इलेक्शन तक किया जिक्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी मुख्यालय में बीजेपी का घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जीवायएएन (गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति) को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान पीएम ने इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। पीएम मोदी ने कहा कि एक व्यक्ति, जो आज भरोसे का पर्याय बन चुका है क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के संकल्प पत्र पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है।

## भीम यूपीआई, पंच तीर्थ और आदिवासी राष्ट्रपति

- अंबेडकर जयंती पर एमपी की धरती से दलित वोट साध गए पीएम मोदी!




**नर्मदापुरम (एजेंसी)।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आगमन पर होशंगाबाद, मध्य प्रदेश रैली में एकत्र हुए सभी लोगों की सराहना की। पीएम मोदी ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, बाबासाहेब द्वारा तैयार किया गया संविधान ही वह कारण है, जिसकी वजह से आज मैं तीसरी बार सेवा के लिए आपका आशीर्वाद मांग रहा हूं। यह बाबासाहेब के संविधान के कारण ही है कि आज देश के राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार से हैं। उन्होंने कहा, चाहे महू में उनका घर हो या देश और विदेश में वे विभिन्न स्थान जहां वे रहे, भाजपा सरकार इन सभी स्थानों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित करने में भाग्यशाली रही है। अन्यथा कांग्रेस जैसी पार्टियों ने सदैव बाबा साहब का अपमान करने का काम किया है।

## नवरात्रि में मछली खाकर क्या संदेश देना चाहते हैं तेजस्वी

### राजद नेता पर अब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी साधा निशाना

**जमुई (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जमुई में एनडीए प्रत्याशी अरुण भारती के लिए चुनावी रैली की। रैली में राजनाथ सिंह ने जहां लालू यादव परिवार पर निशाना साधा, वहीं दावा किया कि

- कहा-हमने जो वादे किए, वो पूरे किए, चाहे राम मंदिर हो या 370

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना राजनाथ सिंह ने नवरात्रि के दौरान मछली खाने की बात का जिक्र करते हुए कहा, आप मछली, सुअर या हाथी खा सकते हैं, लेकिन ऐसे समय में जब लोग व्रत कर रहे हों, तब आप



अपने कृत्य का दिखावा करके क्या साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि चारा खाने वाले परिवार के लोग नवरात्र के दौरान हेलीकॉप्टर में बैठकर मछली खाकर क्या संदेश देना चाहते हैं। ये लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अभी से ही पीएम मोदी को विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण मिल रहे हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि दुनिया मानती है कि सत्ता में मोदी की वापसी अपरिहार्य है।

## सलमान खान के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग

- हमले के वक्त घर पर थे ऐक्टर, लॉरेंस गैंग के हमले का दावा



**मुंबई (एजेंसी)।** सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। 2 बाइक सवारों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे। इस घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर से भी बात करते हुए सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है। सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## कनाडा के वैंकूवर में 24 वर्षीय भारतीय छात्र की हो गई हत्या

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के वैंकूवर में एक 24 वर्षीय छात्र की कार के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान चिराग एंटिल के रूप में की गई है। वह हरियाणा का रहने वाला था। वैंकूवर पुलिस ने एक बयान में बताया कि पड़ोसियों के दावारा गोली चलने की आवाज सुनने के बाद छात्र का शव कार के अंदर पाया था।

- ऑडी के अंदर मारी गोली, हरियाणा का था रहने वाला

भारतीय छात्र को मारे जाने की घटना ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले ही कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक सार्वजनिक सुनवाई के दौरान कहा था कि कनाडा देश में आने वाले हर किसी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल की रात 11 बजे के आसपास 55 एवेन्यू पर पड़ोसियों ने गोली चलने की आवाज सुनी, जिसके पास उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को 24 वर्षीय चिराग एंटिल को एक गाड़ी के अंदर मृत पाया गया। पुलिस ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है। चिराग अंतिल के भाई रोनित ने पत्रकारों को बताया कि सुबह जब उनकी फोन पर बात हुई तो चिराग खुश लग रहे थे। बाद



में चिराग ने कहीं जाने के लिए अपनी ऑडी निकाली, तभी उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। कनाडा में मौजूद भारतीय मिशन को भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि की है और बताया है कि वह कनाडाई अधिकारियों के संपर्क में हैं।

# चीन की बढ़ेगी आफत, ईस्टर्न कमान में बनेगी नई डिवीजन

### घाटी में सुरक्षा को लेकर भारतीय सेना ने शुरू की बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में संभावित तैनाती के लिए एक नई सेना डिवीजन बनाने की लंबे समय से रुकी योजना को इस साल लागू किए जाने की संभावना है। यह योजना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र के लिए बदलावों की एक श्रृंखला के हिस्से के रूप में होगी। इससे चीन की तरफ सेना का घेरा बढ़ेगा। अखबार को सूत्रों से इसकी जानकारी हुई है। सूत्रों के मुताबिक सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में

- उत्तरी व पूर्वी सीमाओं पर 1 कोर और 17 कोर का पुनर्गठन

संभावित तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है। जो मूल रूप से पानागढ़ (पश्चिम बंगाल) स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर (एमएससी) के तहत काम करना था। एक डिवीजन में लगभग 14,000 से 15,000 सैनिक होते हैं। हालांकि, अतिरिक्त मैन पॉवर की भर्ती के बजाय, सेना अन्य संरचनाओं से नए डिवीजन में तैनाती के लिए मौजूदा कर्मियों को पुनर्गठित करने की संभावना है। स्ट्राइक कोर आक्रामक सीमा पार कार्रवाई के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान में, सेना के पास



चार स्ट्राइक कोर हैं। मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। हालांकि, 2021 तक, केवल 17 एमएससी जिसे तब आंशिक रूप से बढ़ाया गया था चीन पर केंद्रित था। बाकी तीन का फोकस पाकिस्तान पर था। लेकिन चीन के साथ 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध की पृष्ठभूमि में चीन के सामने वाले पहाड़ों के लिए दो स्ट्राइक कोर रखने के लिए 2021 में एक पुनर्गठन किया गया था। चीनी खतरों से निपटने के लिए उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 1 कोर और 17 कोर का पुनर्गठन किया गया। दो इन्फैन्ट्री डिवीजनों के साथ चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 1 कोर की भूमिका को फिर से उन्मुख किया गया। पूर्वी थिएटर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 17 कोर को मौजूदा कोर से एक अतिरिक्त डिवीजन दिया गया था।

## इजराइल जाने वाली फ्लाइट्स रोक सकता है भारत, तैयारी

- ईरान ने इजराइल पर हमला कर कहा- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गई मिसाइलों को रोका। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस नाम दिया। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। ईरान-इजराइल में तनाव को देखते हुए भारत की एयरलाइन्स तेल अवीव के लिए अपने फ्लाइट्स बंद कर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साठी पुलिस ने गांजा व्यवसायी को किया गिरफतार

**चाणक्य भूमि।** साठी पुलिस के द्वारा शनिवार की रात्रि में की गई कारवाई में जहां धारा 307 एवं 354 (बी) के अभियुक्त जितेंद्र पासवान उर्फ हितेश उर्फ नवल पासवान को गिरफ्तार किया इसी के साथ साठी थाना में दर्ज एन.डी.पी.एस मामले के नामजद अभियुक्त सुभाष कुमार सहनी को सोमगढ मलाही टोला से गिरफ्तार कर लिया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि जितेंद्र पासवान के पिता का नाम बाबूराम पासवान है गिरफ्तारी के डर से वह अपना नाम बदलकर जितेंद्र कुमार पासवान पिता जगन्नाथ पासवान कर लिया था जो आधार कार्ड में भी अंकित है। मुखिया और सरपंच से सत्यापन के बाद पता चला कि इसका वास्तविक नाम नवल उर्फ नवीन पासवान पिता बाबूराम पासवान उर्फ विक्रम पासवान है। ग्रामीणो एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सत्यापन के दौरान पता चला कि इसके फूफा का नाम जगन्नाथ पासवान है जो नावल्द थे उनके पास 6 बीघा जमीन सिरसिया गांव में ही है उसी जमीन को कब्जा करने के नियत से अभियुक्त अपना नाम बदल लिया था। वही दूसरी तरफ सुभाष कुमार सहनी 5 अप्रैल 2024 को मारुति सुजुकी कार से गांजा लेकर सोमगढ मलाही टोला होते हुए परसौनी के रास्ते आ रहा था गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान कार एवं 15 किलो गाजा को जप्त किया कर लिया गया वहीं पुलिस को देखकर सुभाष कुमार गाडी छोड़कर भाग निकला जिसकी पहचान महाल चौकीदार के द्वारा की गई शनिवार की रात गुप्त सूचना मिली कि सुभाष अपने घर आया हुआ है सूचना मिलते ही कार्रवाई करते हुए सुभाष को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया दोनों अभियुक्तों को रविवार के दिन जेल भेज दिया गया।

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान जीएमसीएच में मौत

**चाण्क्य भूमि(सम्बाददाता)। बेतिया।** मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार शाम मौत हो गई। अस्पताल नाका थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मृतक की पहचान सिरिसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव निवासी स्वं जगदीश राम के 45 वर्षीय पुत्र लालबहादूर राम के रूप में की गई है। पोस्टमार्टम कराने जीएमसीएच में आए लालबहादूर के पुत्र मंजित कुमार ने बताया कि पट्टीदार अकलू राम का पुत्र संतोष कुमार ने एक लड़की से लव मैरिज करके घर लाया। वह लाल बहादूर के छोटे पुत्र लड्डू कुमार पर अपनी पत्नी को देखने का आरोप लगाया था जिसको लेकर पंचायत हुई। पंचायत में मामला सुलझ गया, लेकिन 11 अप्रैल की सुबह 6 बजे खाना खाकर लाल बहादुर मजदूरी करने जा रहे थे। इसी बीच अकलू राम और संतोष कुमार दरवाजे पर आए व लालबहादूर के सिर पर लाठी-डंडे से प्रहार करके गंभीर रुप से जख्मी कर दिए। जख्मी हालत में परिजन इलाज के लिए जीएमसीएच में लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना रेफर कर दिया, लेकिन आर्थिक हालत कमजोर होने के कारण लालबहादूर को परिजन पटना नहीं ले जा सके। इधर रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जमालपुर से तिलरथ चलने वाली मेमू पैसेंजर गाड़ी को सिमरिया स्टेशन तक जलाने की मांग को लेकर समाज सेवा संघर्ष समिति द्वारा एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन पर बैठे

**बरौनी / बेगूसराय।** बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर समाजसेवा संघर्ष समिति ,गढ़हरा बरौनी की ओर से राष्ट्रकवि दिनकर ग्राम सिमरिया में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ हो गया है। जमालपुर मेमू को सिमरिया तक संचालित करने समेत कई मांगो को लेकर रेल प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है।उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा ने दी है।उक्त कार्यक्रम में कई सहयोगी भी सत्याग्रह पर बैठे हैं। समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में शिक्षक पद से सेवा मुक्त होने के बाद समाज सेवा संघर्ष समिति गठन कर लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। और अपने संघर्ष के बल पर कई उपलब्धियां भी हासिल की है। कमला गंगा इंटरसिटी को गढहारा होल्ड पर रुकवाने का कार्य भी इन्हीं की संघर्ष का परिणाम है।

### सड़क हादसा में युवक घायल निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज, सूचना मिलने पर नहीं पहुंची पुलिस

**छौराही बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के दौलतपुर मालीपुर पथ के छौराही बाजार निवासी रामविलास महतो के निवास स्थान के निकट रविवार को पूरब दिशा से पश्चिम दिशा की ओर जा रहा बाइक सवार को अज्ञात वाहन ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों के द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ऐजनी पंचायत अंतर्गत हर रामपुर गांव निवासी कारी पासवान का पुत्र छोटू कुमार 24 वर्ष के रूप में किया गया है। सूत्रों से पता चला है कि पश्चिम दिशा से पूरब दिशा की ओर सफेद रंग की स्कॉर्पियो जा रही तेज रफ्तार में टक्कर मार कर फरार हो गई जिस युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा थाना अध्यक्ष को सूचना दी गई किंतु घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। प्रखंड प्रमुख सतीश कुमार कुशवाहा सूचना मिलते ही गंभीर रूप से घायल युवक को देखने निजी अस्पताल पहुंचकर जानकारी लिया।

### दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन का हो समुचित विकास

**बीहट।** दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन पर रविवार को पूर्व से घोषित कार्यक्रम के अनुसार समाज सेवा संघर्ष समिति गढहरा बरौनी की ओर से एक दिवसीय अन्न त्याग सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह पर बैठे समिति के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह सत्याग्रह का दूसरा सोपान है। सोनपुर मंडल के डीआरएम को एक मांग पत्र दिया गया। समिति के द्वारा दिए गए आठ सूत्री मांग में प्रमुख रूप से तिलरथ-जमालपुर गाड़ी का विस्तारीकरण कर दिनकर ग्राम सिमरिया तक करने की मांग की गई।इसके अलावे पुणे- दानापुर का विस्तारीकरण कर बरौनी तक करने, दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन पर कोसी एक्सप्रेस, कटिहार- पटना, भागलपुर- मुजफ्फरपुर, सहरसा- राजेंद्र नगर, सियालदह- बलिया का ठहराव अतिशीघ्र करने, मोकामा- बेगूसराय और मुजफ्फरपुर- सियालदह का संचालन पुनः शुरू करने की मांग की गई।साथ ही दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन के दोनों तरफ के सड़कों पर लाइट की समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई। सत्याग्रह स्थल पर दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह, राष्ट्रकवि दिनकर विकास समिति के उपाध्यक्ष कैलाश सिंह, राजेंद्र राय, शिवकुमार सिंह, पुस्तकालय उपाध्यक्ष ललन प्रसाद सिंह, विजय कुमार चौधरी, सुभाष चंद्र चौधरी, सुरेंद्र कुमार, प्रमोद सिंह, गुलशन कुमार, संजीव फिरोज, प्रवीण प्रियदर्शी, कृष्ण मुरारी आदि उपस्थित थे।गढ़हरा के पूर्व वार्ड पार्षद शिवजी चंद्रवंशी ने सभी सत्याग्रहियों को पुष्प माला व समिति अध्यक्ष को पाग पहनाकर उत्साहपूर्वक समर्थन किया।

### एबीवीपी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई

**मंझौल, बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंझौल नगर इकाई के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेदकर के 134 जयंती के अवसर पर पवड़ा पंचायत में जिला सहसंयोजक रवि कुमार के नेतृत्व में पुष्पांजलि-माल्यार्पण कर धूमधाम से जयंती मनाया गई। इस अवसर पर राज्य विश्वविद्यालय संयोजक कन्हैया कुमार ने कहा कि बाबा साहब के विचारों पर वर्तमान में युवा पीढ़ी को उनके मार्गदर्शन में चलने के लिए विद्यार्थी परिषद लगातार प्रयास कर रही है। आज भी हम सभी कार्यकर्ता काफी धूमधाम से इस जयंती को मना रहे हैं और समाज में उनके किए गए बेहतर कार्यों को संदेश के रूप में पहुंचाने का आगे काम करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिंह गप्पू एवं नगर उपाध्यक्ष संजय साह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने महापुरुषों को याद करके हमेशा से उनके मार्गदर्शन पर चलने का काम कर रही है। आज बाबा साहब के जयंती के शुभ अवसर पर संगोष्ठी के माध्यम से अपने-अपने विचार रखने का मौका मिला जिससे हमलोग अपने-आपको काफी गौरवांवित महसूस करते हैं।आरसीएस कॉलेज मंत्री आकाश कुमार पासवान एवं नगर कोषाध्यक्ष रविकांत कुमार ने कहा कि बाबा साहब हमेशा अपने राष्ट्र-समर्पित विचार को लेकर देशहित में कार्य किए हैं।

# रामनवमी ,चैती दुर्गा चैती छठ को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की

**चाणक्य भूमि। बेगुसराय**






जिला पदाधिकारी श्री रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आज कारगिल विजय समा भवन में चौती दुर्गा, चौती छठ एवं रामनवमी 2024 के मद्देनजर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभारी पदाधिकारी आपदा शाखा, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी, जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्य कर्ताओं यथा श्री अशोक कुमार सिंह अमर, श्री चितरंजन सिंह, श्री दिलीप सिन्हा, सहित अन्य जिलास्तरीय शांति समिति के विभिन्न गणमान्य सदस्य मौजूद थे।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सर्वप्रथम पूरे बेगूसराय जिले में होली एवं इंद जैसे महत्वपूर्ण पर्व शांतिपूर्ण तरह से मनाने हेतु सभी लोगों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चौती दुर्गा, चौती छठ एवं रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पवित्र मौके पर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है तथा जिले भर में किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटनाक्रमों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय जिला ऐतिहासिक रूप से आपसी सौहार्द, सद्भावना एवं समरसता से युक्त समाज रहा है इसके बावजूद किसी भी संभावित असामाजिक तत्वों के नकारात्मक मंसूबे से सख्ती से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि ऐसी कोई भी छोटी-बड़ी घटनाओं, जिसका दूरगामी प्रभाव हो सकता है. के संबंध में ससमय सूचना दे ताकि आवश्यक प्रशासनिक हस्तक्षेप सुनिश्चित हो सके। जिला पदाधिकारी ने बैठक के क्रम में शांति समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा दिए गए फीडबैक को महत्वपूर्ण बताया तथा कड़ा कि इन पाँ विशेष तौर पर रामनवमी के अवसर पर संवेदनशील स्थलों के संबंध में तथा जिले भर में विभिन्न जुलुस एवं अखाड़ा जैसे कार्यक्रमों के संभावित आयोजनों के मद्देनजर प्राप्त जानकारी से जिला प्रशासन को शांतिपूर्ण एवंसदभावपूर्ण माहौल में इन पर्वों के संपादन में सहयोग प्राप्त होगा।इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने आगामी चौती दुर्गा, चौली छठ रामनवमी आदि पर्वों के मद्देनजर आवश्यक तैयारियां की जा रही है। तथा इसी क्रम में संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सशस्त्र बल एवं लाठी बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि चौती छठ पर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं, वर्तियों तथा उनके परिजनों की छठ घाटों पर संभावित भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण, भीड़-नियंत्रण तथा शांतिपूर्वक पर्व संपन्न कराने हेतु नगर आयुक्त, नगर निगम, बेगूसराय, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन शाखा, बेगूसराय को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार, रामनवमी / चौती दुर्गा पर्वों के अवसर पर विशेष सतर्कता रखने हेतु सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था संधारण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को इन त्योहारों के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा अपील करते हुए कहा कि इस पवित्र अवसर पर जिले की सामाजिक संस्कृति को बनाए रखने में अपना सकारात्मक योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस मौके पर जिले में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस क्रम में अराजक तत्वों को चिन्हित कर उसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति इस मौके पर भी डीजे के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत निकाले जाने वाले जुलुसों के मागों का सत्यापन करने, ऐसे मार्गों पर फ्लैग मार्च करने आदि का भी निर्देश दिया गया। इसी क्रम में उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी अनुरोध किया कि वे अपनी तरफ से भी प्रयास करें कि रामनवमी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस में अराजक तत्व शामिल न हों।अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा शांति समिति के सदस्यों को आदर्श आचार संहिता को देखते हुये अपने अंदर संचालित समितियों के सदस्यों को कोई भी धारदार हथियार लेकर जुलूस/अखाड़ा में न जाया जाय। हथियार सहित पकड़े जाने पर विधि-सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

## निषादराज महोत्सव : समृद्ध रहा है निषादों का अतीत, प्रभावकारी रहे हैं राजा : एमएलसी सर्वेश कुमार





**चाणक्य भूमि। सिमरिया धाम (बेगूसराय)**

गंगा समग्र व्दारा शनिवार को सिमरिया धाम के काशी बाबा स्थान में निषादराज जयंती को महोत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा समग्र के जिला संयोजक दिलीप कुमार ने की। इसमें न सिर्फ निषाद बल्कि गंगा आश्रित परिवार के लोगों ने भी भाग लिया।मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए गंगा समग्र उत्तर बिहार प्रांत के संयोजक सह एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा कि निषाद समाज का देश के विकास में बड़ा योगदान रहा है। निषाद राज आर्थिक रूप से इतने स्मृध्द व शक्तिशाली थे कि भगवान श्रीराम को भी उनसे मदद लेनी पड़ी थी। यह दीगर बात है कि अयोध्या व निषादराज के बीच मैत्री थी। निषाद राज ने मित्रता निभाई। इसलिए वे आज भी हमारे पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि गंगा समग्र प्रत्येक वर्ष गंगा पुत्र भीष्म पितामह व भगवान श्रीराम के मित्र निषाद राज की जयंती मनाने का निर्णय लिया है। अगले वर्ष हम इसे और वृहद रूप में मनाएंगे। गंगा समग्र के अवधेश कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि जल के संरक्षण में निषाद समाज की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि गंगा समग्र की स्थापना 2012 में हुई थी। यह समाज के सहयोग से और सरकार का ध्यान आकृष्ट कर गंगा ही नहीं अन्य नदियों व जलस्त्रोतों के संरक्षण के दिशा में काम कर रही है। गंगा सेवक पूरे देश में निषाद दिवस मनाया जा रहा है।इस अवसर पर सिमरिया धाम में सामाजिक सरोकार को मजबूती प्रदान करने में लगे आधे दर्जन से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।महोत्सव को पूर्व मुखिया रामजतन निषाद, विनोद भारती, गोताखोर अनिल निषाद, रामजी झा, टिंकू मल्लिक, वार्ड पार्षद राजा कुमार आदि ने कहा कि जल संरक्षण व सिमरिया धाम को स्वच्छ रखने, गंगा को अविरल व निर्मल बनाने के लिए जनांदोलन का रूप देने की जरूरत है। इस मौके पर गंगा समग्र के विनोद कर्ण व गोपाल कृष्णा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जयंती पर याद किए गए डा0 अम्बेडकर



**चाणक्य भूमि। बखरी बेगूसराय**

रविवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बखरी में मनाई गई। बखरी मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर चौक के पास उनके आदमकद प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा जयंती के मौके पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान बहुजन कल्याण समिति के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी, सोनमा पंचायत के पूर्व मुखिया शिवनारायण राम, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोजिनी भारती, पूर्व पंसस पंकज पासवान, अधिवक्ता गौरव कुमार, महादलित नेता मांगन सदा, श्रवण उर्फ पम्पू पासवान, राधे पासवान, सुबोध राम, संजय पासवान, राजद के दीपक आजाद, रामचरण महतो, भवेश पासवान, रंजीत अनारी, अजीत सरकार आदि मौजूद थे। वही रामपुर के स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई, जो पुरे बाजार का भ्रमण स्लोगन की तख्तियां एवं जय भीम के नारों के साथ किये। जबकि बागवन पंचायत अंतर्गत अभुआर गांव में तीन दिवसीय अंबेडकर मेला का आयोजन किया गया है।जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## सनराईज ट्यूटोरियल्स तेघड़ा द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित



**चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगूसराय**

तेघड़ा नगर में अवस्थित सुप्रसिद्ध संस्थान सनराईज ट्यूटोरियल्स तेघड़ा के द्वारा 14 अप्रैल दिन रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा-2024 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में तेघड़ा अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग अष्टम् के कुल 1241 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सनराईज ट्यूटोरियल्स तेघड़ा में राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2025, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। संस्थान के निदेशक प्रिंस प्रभाकर ने बताया कि इस परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पूरे एक वर्ष तक निःशुल्क तैयारी करवाई जाएगी एवं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। भाग नारायण कन्या महाविद्यालय बरौनी के सेवानिवृत प्राचार्य राम सुमिरन महाराज ने बताया कि इस तरह की परीक्षा आयोजित करने से बच्चों में कंपीटीशन की भावना जागृत होती है। छात्र अभी से ही अपने स्वर्णिम भविष्य एवं अच्छे कैरियर के लिए तैयार होंगे। मौके पर सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य श्री ब्रह्मदेव पासवान, महेश प्रसाद सिंह, मोहम्मद अन्नवार अहमद, शिक्षक साजन कुमार शर्मा, राहुल कुमार सिंह, रजनीश कुमार चौधरी, तुषार, आशीष, विरजानंद, समेत सैकड़ों अभिभावक गण मौजूद थे।

## शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन





**चाणक्य भूमि। छौराही बेगूसराय**

प्रखंड क्षेत्र के अंबेडकर चौक बखड्डा से प्रखंड कार्यालय पथ में स्थित a1 फैमिली मार्ट ब्लॉक रोड परिसर में रविवार को द एम बैंक कोचिंग समस्तीपुर एवं हिमालय ग्रुप का इंस्टिट्यूशन पटना के सौजन्य से आलोक कुमार के नेतृत्व में शिक्षक एवं प्लस टू दसवीं छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन प्रखंड प्रमुख सतीश कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में संचालन भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के केअंचल परिषद राम बहादुर सुमन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अवकाश प्राप्त बयो ब्रिध शिक्षक सूरज शेखर महतो समाजसेवी सह भाकपा अंचल मंत्री विद्यानंद राय को अंग वस्त्र से सम्मानित और उक्त कोचिंग के ऐडमिशन काउंसलर मोहम्मद बदरुल हसन निदेशक अनुज कुमार शिक्षक हिमांशु सिंह एस कुमार के द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित कर प्रारंभ किया गया। निजी विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार को बेहतर शिक्षा प्रदान करने 12वीं कक्षा में 433 अंक प्राप्त कर शिवानी कुमारी को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जानकारी देते मोहम्मद हसन ने बताया कि बीएएमएस को निजी विद्यालय से संबंधित पहली बार पटना जिला में हमारे विद्यालय को मान्यता मिली है। उन्होंने बताया कि इस प्रखंड में बेहतर शिक्षा किसान मजदूर के बच्चों को मेरे संस्था द्वारा देने का संकल्प किया गया है क्योंकि बेगूसराय जिला का जल पलवित एवं पिछड़ा प्रखंड है यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा उच्च शिक्षा देने का प्रयास हम लोग करेंगे जिससे मेरे देश का विकास होगा गांव का विकास होगा फिर देश का विकास संभव है। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के युवा निजी शिक्षण तकरीबन 50 एवं 50 से ऊपर छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया है। मौके पर विपिन कुमार सुधांशु कुमार समेत अन्य अभिभावक छात्र-छात्र उपस्थित थे।

## क्रीड़ा भारती के द्वारा बीहट में लगोरी खेल का किया गया प्रमोशन

**चाणक्य भूमि। बीहट बेगुसराय**





बीहट के बड़ी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में क्रीड़ा भारती बेगूसराय के द्वारा शाखा के स्वयंसेवकों के बीच देश के प्राचीन खेल लगोरी का प्रमोशन जिला सह शारीरिक प्रमुख मुरारी जी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री राजकुमार जी तथा सह मंत्री शिवम जी मौजूद थे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण की शाखा में मौजू दर्जनों स्वयंसेवकों ने लगोरी खेल के नियम व कौशल से अवगत होते हुए इसका अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने लगोरी ब्रेक (तोरने), लगोरी लगाने,बॉल पास तथा खिलाड़ी को बॉल से हिट कर आउट करने अभ्यास किया।कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह शारीरिक प्रमुख मुरारी जी ने कहा की लगोरी खेल 5 हजार वर्ष पुराना भारत का ट्रेडिशनल खेल है जिसे महाभारत काल में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण अपने साथियों के साथ खेला करते थे। यह एक ऐसा खेल है जो हर गांव मुहल्ले में खेला जाता था लेकिन कालांतर में मोबाइल और इंटरनेट के युग में यह विलुप्त हो गया था जिसे अब फिर से भारत सरकार ने मान्यता देकर जीवंत कर दिया है।क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री राजकुमार ने कहा की देशी खेलों को बढ़ावा देना तथा चरित्रवान खिलाड़ियों का निर्माण करना ही क्रीड़ा भारती के ध्येय है। क्रीड़ा भारती के प्रयास से ही राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेडिशनल खेलों को आगे बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है इनमे लगोरी,योग, गतका,मलखम तथा कलारीपट्टू है। क्रीड़ा भारती के द्वारा आगे भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।लगोरी एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव रंधीर कुमार ने कहा की लगोरी खेल को पिछले वर्ष गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया था जिसमे बिहार से (बालक/बालिका) टीम भाग ली थी। स्कूली खेलों में लगोरी खेल वर्ष 2016- 17 से ही शामिल है। आने वाले समय में यह खेल एक बार फिर से हर जिले, गांव और कस्बों तक पहुंचे ऐसा प्रयास जारी है। बिहार संघ के द्वारा इसी महीने गोपालगंज में जूनियर स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे बेगूसराय जिले के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। बेगूसराय जिले की अच्छी और सशक्त टीम बने इसके लिए जगह जगह विद्यालयों तथा संघ की शाखाओं में लगोरी खेल की ट्रेनिंग क्रीड़ा भारती के माध्यम से दी जा रही है। लगोरी खेल के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूरज कुमार,अभिज्ञान कुमार,केशव कुमार,आकाश कुमार ,विकासकुमार ,पियूष कुमार ,गगन कुमार ,चंदन कुमार ,शंभू जी तथा चितरंजन जी ने भाग लिया।

# पांच वारंटी धराया,पुलिस ने भेजा जेल

चाणक्य भूमि (कनकलता)



**बेतिया।** पुलिस ने लोक सभा चुनाव के मद्देनजर वारंटियों पर शिकंजा कसते हुए बिभिन्न जगहों से पांच वारंटियों को अदालती आदेश के तहत गिरफ्तार कर बेतिया जेल भेजा। इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि सतभीड़वा निवासी ललन ठाकुर व यशवंत ठाकुर ,लालसरैया निवासी मुस्लिम मियां व अनवर मियां एवं सेमरा मदरसा निवासी इमरान देवान को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत जेल भेजा गया।एसएचओ ने बताया कि अदालती आदेश के तहत सभी वारंटियों को जेल भेजा गया।बताते चले कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिसिया कार्रवाई तेज हो गयी है।शराब कारोबारियों तथा अपराधियो के खिलाफ पुलिस मुहिम जारी है।

# अधीक्षक मद्य निषेध द्वारा जब्त शराब का हुआ विनिष्टिकरण

चाणक्य भूमि बेतिया



अधीक्षक मद्य निषेध कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बगहा पुलिस जिला में थानों द्वारा जब्त शराब का विनिष्टिकरण किया गया है। विनिष्टिकरण की कारवाई को नदी थाना के प्रांगण में किया गया। इस दौरान अधीक्षक मद्य निषेध,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा एवं अंचलाधिकारी मधुबनी उपस्थित रहे । मनोज कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में मद्य निषेध कानून का प्रभावी अनुपालन कराया जा रहा है। प्रशासन एक ओर जहाँ शराब पीने, कारोबार करने और बनाने वालों के विरुद्ध छापेमारी कर रही है वहीं छापेमारी में जब्त शराब का विनिष्टिकरण समय पर कराया जा रहा है।




# गोपालपुर पुलिस ने एक बाईक लुटेरे को किया गिरफतार

**चाणक्य भूमि बेतिया।** गोपालपुर थाना की पुलिस ने शनिवार की देर शाम मनुआपुल थाना के सहयोग से बाइक लूट मामले का एक इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार। अपराधी की पहचान मनुआपुल थाना के शेख धुरवा के निवासी जफर इस्लाम का पुत्र नसीम जफर के रूप मे हुई है। पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। इसे 2022 के बकुलहर व घोघा चौक के बीच से बाइक लूट के मामले में दबोचा गया है। पुलिस ने इसपर पंद्रह हजार रूपयें की इनाम की घोषणा कर रखी थी। गोपालपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी उसके घर से किया गया है। घटना के सम्बंध में बताया कि मैनाटांड़ थाना के रमपुरवा के चंदन पटेल की बाइक मैनाटांड़ बेतिया मुख्य सड़क में बकुलहर व घोघा चौक के बीच से लूटी थी। वह एक बारात से वापस घर जा रहे थे। इसी बीच एक बाइक पर तीन सवार बदमाशों ने पैर से मारकर बाइक सवार को गिराकर बाइक लूट लिया था। इसमें अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

# चेन स्नैचर को रंगे हाथ पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**चाणक्य भूमि सम्बाददाता,बगहा ।** रामनगर में सड़क पर झपट्टामार गिरोह के एक चोर को लोगों ने रंगे हाथों पकड़कर धुनाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। घटना रामनगर थाना क्षेत्र के बेलागोला कैंपस के पीछे मिल कॉलोनी जाने वाली सड़क की बताई गयी है। पीड़ित मुन्ना कुमार ने रामनगर थाना में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि दो दिन पूर्व वे अपनी पत्नी के साथ इलाज कराने रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आया था ,और इलाज कराकर घर वापस लौट रहा था। तभी बेला गोला मिल कैंपस के पीछे मिल कॉलोनी जाने वाली सड़क पर एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल लेकर आया मोबाइल और कुछ पैसे भी थे। काफी खोजबीन के बाद आज उसे बेला गोला हरीनगर क्षेत्र में घूमते हुए देख लिया, उसके बाद उस व्यक्ति की पहचान भी की और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से झपट्टा मार चोर को पकड़ लिया गया लिहाजा लोगों ने उसे रामनगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। बता दें कि झपट्टा मार गिरोह के चोर को उसके मोटरसाइकिल के साथ पुलिस के हवाले किया गया है, जिसकी पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के झारमहुई गांव निवासी असलम अंसारी के रूप में हुई है।

# महापर्व छठ पर व्रतियों ने घाटों पर सूर्य को दिया गया अर्घ्य

**चाणक्य भूमि बेतिया।** लोक आस्था का महापर्व चैत्र छठ पूजा आज पूरा बिहार ही नही बल्कि पूरे देश मना रहा है। आस्था के इस महापर्व के संध्या आज डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जा रहा है फिर कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देते हुए इस महापर्व को गुड और अदरख के पारण के साथ इस पर्व का समापन किया जाएगा। आज बेतिया के विभिन्न घाटों जिनमे सागर पोखरा, संत घाट, दुर्गा बाग, कालीबाग, उत्तरवारी पोखरा आदि जगह पर इस छठ पर्व को लेकर सभी तैयारियां की गई है। साथ ही पुलिस बलों को भी तैनात किया गया है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। लोक आस्था के इस महापर्व को सभी छठ व्रतियों एवं उनके परिवार ने धूमधाम से इस पर्व को मनाया। बता दे की छठ व्रतियों ने बताया अपने घर की सुख समृद्धि सहित संतान प्राप्ति एवं अन्य कई मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए इस महापर्व चैती छठ महापर्व को मनाया जाता है पौराणिक काल में इसकी विभिन्न कथाएं वर्णित है।

# जीएमसीएच बेतिया के बॉयज होस्टल में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग

**चाणक्य भूमि सम्बाददाता,बेतिया ।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बॉयज हॉस्टल के कमरा संख्या-325 में रविवार दोपहर शॉट सर्किट से आग लग गई। जब तक दरबाजे को तोड़कर आग पर काबू पाया जाता। तब तक कमरे में रखे नगद, लैपटॉप, किताब, कपड़ा, बेड सहित अन्य कीमती समान जलकर राख हो गई। हालांकि अगलगी सूचना पर अग्निशमन की टीम मौके पहुंची, तब तक आग बुझ चुकी थी। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचा कमरे में रहने वाले एमबीबीएस के थर्ड इयर का छात्र शिवम कुमार ने बताया कि कमरा बंद करके पुस्तकालय में पढ़ाई करने चला गया था। सूचना मिली कि कमरे में आग लग गई है। कमरे में पहुंचा तो देखा कि सब कुछ जल गया है। छात्र ने आरोप लगाया कि कमरे में वायरिंग व लगे बोर्ड के बारे में लगातार तीन माह से कॉलेज प्रशासन से शिकायत करता आ रहा था। पीड़ित छात्र ने बताया कि कभी भी शॉट सर्किट से बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन इस पर किसी तरह का संज्ञान नहीं लिया गया।

# शहिद अग्निशमन कर्मियों के दी गई श्रद्धांजलि आज से अग्नि सुरक्षा सप्ताह

**चाणक्य भूमि बेतिया।** सन 1944 में 14 अप्रैल विक्टोरिया डाक मुंबई बंदरगाह पर सेना के विस्फोटक सामग्री से भरा मालवाहक जहाज आग के लपटो से घिर गया ।आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को घटना स्थल पर भेजे गए जो अटूट साहस एवं पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मियों ने धड़कते ज्वाला पर काबू पाने का अथक प्रयास किया। आग पर नियंत्रण तो पा लिया लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन को अपनी जान आहुति देनी पड़ी। उन्हें 66 शाहिद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। उक्त बातें मनीष कुमार ,जिला अग्निशमन पदाधिकारी सह जिला समादेष्टा ,गृह रक्षा वाहिनी, ने नगर के पुलिस लाइन स्थित जिला अग्निशमन कार्यालय में अग्नि सामान सेवा सप्ताह के श्रद्धांजलि व मौन शोक सभा आयोजन के दौरान कही। वही गणेश शंकर विद्यार्थी, अग्निशमालय पदाधिकारी सदर कहा कि इस दिवस को विभिन्न आयोजन 20 अप्रैल तक यानी पूरे सप्ताह चलते हैं अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्नि कांडों की रोकथाम एवं उससे होने वाली क्षती एवं बचाव के प्रति जागरूक करना तथा प्रशिक्षित करना है इस सप्ताह के दौरान फायर ब्रिगेड के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, ऑयल डिपो , अस्पतालों, होटलो आदि जगहों पर अग्नि बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया जाता है।

# भाजपा पुर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल ने की प्रेस वार्ता

चाणक्य भूमि बेतिया



आज जिला कार्यालय में भाजपा पुर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा की माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी हुआ। हमने 15 लाख लोगों से उनका विचार लिया कि आप क्या चाहते हैं।और लोगों के विचार को आत्मसात करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। यह संकल्प पत्र के साथ-साथ मोदी की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो भी कहती है वह पूरा करती है। हम लोगों ने पहले दिन से, चाहे वह अनाज की योजना हो, गरीबों का खाता खोलना हो, 5 लाख के इलाज की सुविधा हो या फिर मुफ्त राशन हो, या अन्य कई योजना यह सब अनवरत जारी है। इस प्रेस वार्ता में भाजपा कार्यकर्ताओं में जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रवि सिंह, धनरंजन कुशवाहा, प्रतीक एडमिन शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।







# अम्बेदकर जयंती पर अहवर में निकाली शोभा यात्रा



चाण्क्य भूमि

**बेतिया।** अहवर पंचायत मे भीमराव अम्बेदकर की जयंती पर बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।पूर्व मुखिया मुना पासवान , राजु पासवान, डा रामेश्वर पासवान ,निरज पासवान, अनिल पासवान आदि ने अम्बेदकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।इसके बाद वार्ड 01से लेकर वार्ड 16 तक नगर परिभ्रमण किया गया।जयंती को लेकर लोगों में उत्साह दिखा।सबो ने भीम राव अम्बेदकर के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

# सरिसवा में अगलगी,लाखो की घरेलू सामग्री जलकर नष्ट



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया।** रविबार को मझौलिया प्रखण्ड के सरिसवा वार्ड नम्बर 9 में आग लगने से सुखाड़ी साह का घर जलकर राख हो गया ।इस अगलगी में अनाज, बर्तन,कपड़ा, नगदी समेत लाखों रुपये मूल्य की सम्पति जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाते- पाते घरेलू सामग्री जलकर नष्ट हो गया।आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है।







# अस्ताचल गामी सूर्य को छठ ब्रतियों ने दिया अर्घ्य

चाण्क्य भूमि(सम्बाददाता)



**बेतिया।** रविबार को चैत्र छठ का तीसरा दिन है। चैत्र शुक्ल षष्ठी तिथि में आर्द्रा नक्षत्र में शाम को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। वहीं, सप्तमी तिथि यानी सोमवार को पुनर्वसु नक्षत्र में उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद व्रती अपने व्रत का समापन करेंगी। गंडक नदी तट पर शहर में तीन छठ घाट बनाए गए हैं। इसके मद्देनजर छठ घाटों का नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने दल बल के साथ निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कई दिशा निर्देश दिए । बगहा शहर के गोडियापट्टी समेत पारसनगर और दीनदयाल नगर में तीन प्रमुख छठ घाट बनाए गए हैं। वहीं वाल्मीकिनगर और रामनगर में भी छठ महापर्व को लेकर लोग तैयारियों में जुटे हैं। बता दें कि चार दिवसीय महापर्व में व्रती अपने संतान की लंबी आयु के लिए भगवान सूर्यनारायण की आराधना करती हैं। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने स्थानीय वार्ड पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया और गोताखोर समेत बैरिकेडिंग के अलावा सुरक्षा के तमाम व्यवस्थाओं के इंतजाम को लेकर निर्देशित किया था। छठव्रती राहुल कुमार ने बताया कि स्थानीय युवाओं ने खूबसूरत छठ घाट बनाए हैं।सामाजिक कार्यकर्त्ता मुन्ना सिंह ने बताया कि मूल छठ में जितनी भीड़ होती है, उससे कम इस छठ में भी नहीं होती है। अस्ताचल गामी सूर्य कोअर्घ्य।में उमड़ी भीड़।








# शराब सहित एक धंधेबाज और पियक्कड़ गिरफ्तार



चाणक्य भूमि मैनाटांड़

भंगहा थाना क्षेत्र में भंगहा पुलिस ने गस्ती के दौरान शनिवार संध्या को 20 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को पचरौता सड़क के समीप एवं दूसरा अभिउक्त को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भंगहा थानाध्यक्ष ने बताया की दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पहला अभियुक्त शेष नाथ दिस्वा को 20 लीटर शराब के साथ और दूसरा अभियुक्त मोहिलाल दिस्वा शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर प्रथिमिकी दर्ज कर दोनों अभियुक्त के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714